दैनिक जागरण

जमशेदपुर, रविवार
28 जनवरी 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4+4=26

www.jagran.com

झारखंड, बिहार, पं. बंगाल, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

सेंट्रल जीएसटी लक्ष्य से चल रहा आगे

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : नई कर-व्यवस्था से सेंट्रल जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) विभाग को कोई नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि लक्ष्य से आगे चल रहा है। विभाग ने गत वर्ष सेंट्रल एक्साइज से 3300 करोड़ और सेवा कर से 700 करोड़ रुपये संग्रह किया था, जिससे जमशेदपुर डिवीजन 10 फीसद आगे चल रहा है।

ये बातें सेंट्रल जीएसटी एंड सेंट्रल एक्साइज, रांची जोन के मुख्य आयुक्त शिवनारायण सिंह ने शुक्रवार को कहीं। बिष्टुपुर स्थित जीएसटी भवन में गणतंत्र दिवस समारोह में आए मुख्य आयुक्त ने पत्रकारों को बताया कि उनका विभाग जीएसटी आने से पहले कई व्यवस्था लागू कर चुका था। उनके यहां वर्ष 1996 से ही सेल्फ एसेसमेंट शुरू हो गया था, वह आज जीएसटी में लागू हुआ। इसमें सारी व्यवस्था ऑनलाइन हो गई है, पहले नहीं थी।

बिष्टुपुर के जीएसटी भवन में रांची जोन के मुख्य आयुक्त शिवनारायण सिंह व अन्य ● जागरण

उन्होंने बताया कि वर्ष 2017-18 में जमशेदपुर को 4700 करोड़ राजस्व संग्रह का लक्ष्य मिला है। जीएसटी लागू होने के बाद उनके विभाग का विस्तार हुआ है। पहले बिहार में एक आयुक्त थे, अब दो हो गए। अब 10 असिस्टेंट कमिश्नर हैं, जबकि पहले पांच थे। झारखंड, रांची, धनबाद और जमशेदपुर डिवीजन का भी विस्तार हुआ है। मुख्य आयुक्त ने बताया कि वे अच्छे पेंटर भी हैं। उनके चित्रों की प्रदर्शनी लंदन के नेहरू सेंटर में लग चुकी हैं। इस मौके पर जमशेदपुर के आयुक्त अजय कुमार पांडेय भी उपस्थित थे।

4700 करोड़ राजस्व संग्रह का लक्ष्य रखा गया है वितीय वर्ष 2017-18 में, तैयारी पूरी

3300 करोड़ पिछले वर्ष सेंट्रल एक्साइज से व 700 करोड़ सेवा कर से हुआ था संग्रह

10 फीसद राजस्व संग्रह में पिछले साल की अपेक्षा इस साल आगे चल रहा है विभाग का जमशेदपुर डिवीजन